प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

एक देश–एक चुनाव

एक देश–एक चुनाव पर मंथन के लिए शिमला पहुंची पी.पी चौधरी की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने कल पहले दिन प्रदेश विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और वार काउंसलिंग के पदाधिकारियों से चर्चा की। गौरतलब है कि अब केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा की तरफ से एक देश–एक चुनाव करवाने को लेकर खुला समर्थन मिल रहा है। वहीं दूसरी तरफ विपक्षी व अन्य दलों में इसको लेकर अलग–अलग राय देखने को मिल रही है। एक देश–एक चुनाव को लेकर चर्चा में आए विषयों को सार्वजनिक नहीं करने की सलाह दी गई है। जिसके चलते समिति से संवाद करने वाले पदाधिकारियों की तरफ से इस विषय में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। समिति के पदाधिकारी आज दूसरे दिन फागू में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष सहित विपक्ष के नेताओं से इस विषय को लेकर चर्चा करेंगे।

योग दिवस

21 जून को आयोजित किए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर है। आयुष विभाग सहित अन्य सामाजिक संस्थाएं लोगों को योग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस वर्ष की थीम है एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग। दूसरी ओर देशभर में योग दिवस के योग संगम कार्यक्रम के लिए अब तक 4 लाख से अधिक लोगों ने पंजीकरण करवाया है। आयुष मंत्रालय के मुताबिक देश में पहली बार किसी कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी की पुष्टि हुई है।

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र 15 दिनों के भीतर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत साफ मौसम के साथ हुई है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में प्री मानसून की 7 दशमलव 9 मिलीमीटर बारिश हुई है जो सामान्य से एक सौ 12 प्रतिशत ज्यादा दर्ज की गई है। प्रदेश में जल्द ही मानसून के दस्तक देने की भी उम्मीद है। पेश है एक रिपोर्ट।

मौसम विभाग ने 21 से 23 जून तक भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। उम्मीद है कि 21 जून को मानसून प्रदेश में दस्तक दे सकता है। विभाग के अनुसार मानसून तय समय से तीन दिन पहले प्रदेश में पहुंच सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मौसम वैज्ञानिक संदीप शर्मा ने कहा कि अगले दो–तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून प्रदेश में पहुंच जाएगा। इसके लिए स्थितियां पूरी तरह से अनुकूल बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों की अगर बात की जाए तो मंडी जिला में सर्वाधिक 26 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हुई है। दूसरी ओर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने भी आगामी मानसून सीजन के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

आकाशवाणी समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज।

मत्स्य पालन

प्रदेश में मत्स्य प्रजनन काल को देखते हुए मत्स्य आखेट की गतिविधियों पर 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः प्रतिबंध जारी है। यदि इस दौरान कोई भी मत्स्य आखेट करता हुआ पाया जाता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। प्रदेश के मत्स्य आखेट वाले स्थानों पर विशेष उड़नदस्तों से निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में कल कुल्लू में विशेष उड़नदस्तों ने बजौरा से लेकर कुल्लू तक सभी मछली विक्रेताओं व अन्य संबंधित दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मत्स्य अधिनियम 2020 के तहत चार हजार रूपए जुर्माने के रूप में वसूल किए गए।

सुर्खियां समाचार पत्रों से...

अमर उजाला ने सुर्खी दी है प्राकृतिक आपदा से तबाही के दो साल बाद हिमाचल को केंद्र ने मंजूर किए 2 हजार 6 करोड़। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं केंद्रीय गृहमंत्री ने पोस्ट डिजास्टर नीड असेस्मेंट के तहत मंजूर की राशि।

मुख्यमंत्री के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है डॉक्टरों, नर्सों के साथ रोग मित्र की होगी भर्ती। दैनिक सवेरा टाइम्स के शब्द हैं ठियोग को मिला बहुप्रतीक्षित बस अड्डा। आपका फैसला के अनुसार पराला में 26 करोड़ से बनेगी वाइनरी।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है प्रदेश में चार दिन भारी बारिश का अलर्ट, 21 जून को दस्तक दे सकता है मानसून। पंजाब केसरी के शब्द हैं दो–तीन दिन में हिमाचल पहुंच सकता है मानसून